**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**

**पो0-वेटनरी कॉलेज, पटना-14**

**पुस्तकाध्यक्ष के पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

**विज्ञापन संख्या- 17010116** , **ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथिः- 28.10.2016**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय) बिहार सरकार के अधीनस्थ पुस्तकाध्यक्ष के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

**ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक-** 27.09.2016 से 24.10.2016 तक

**वेतनमानः-** रूपये-9300-34800/-एवं ग्रेड पे 4200/-

**रिक्ति की संख्याः-** 01 (एकल पद)

| अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग की महिला | सामान्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** :-किसी भी संकाय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक की डिग्री के साथ ही पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री ।

**तकनीकी योग्यताः-** पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री ।

**आवश्यक अनुभवः-** (क) किसी सरकारी पुस्तकालय में पुस्तकाध्यक्ष/पुस्तकालय सहायक के पद पर कार्य करने का कम से कम दो वर्षो का अनुभव ।

(ख) कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव ।

**उम्र सीमा** :- उम्र सीमा की गणना दिनांक-01.08.2015 के आधार पर किया जायेगा ।

**न्यूनतम आयुः-** 21 (इक्कीस) वर्ष ।

**अधिकतम आयुः-** (1) अनारक्षित (पुरूष)-37 वर्ष । (2) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)-40 वर्ष । (3) अनारक्षित (महिला)-40 वर्ष । (4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)-42 वर्ष ।

2. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्त्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग) के संकल्प ज्ञापांक-2374, दिनांक-16.07.2007 के आलोक में सरकारी सेवकों को जो 03 (तीन) वर्षो की निरंतर सेवा पूर्ण कर चुके हों उच्चतर वेतनमान की सेवा/संवर्ग में जाने के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 (पाँच) वर्षो की छूट अनुमान्य है । साथ ही, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्त्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग) के संकल्प ज्ञापांक-62, दिनांक-05.01.2007 के आलोक में विकलांगों को उक्त अधिकतम उम्र सीमा में 10 (दस) वर्षो का छूट अनमुान्य है ।

3. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (वर्त्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग), बिहार सरकार के पत्रांक-2447, दिनांक-06.03.1990 के आलोक में भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में 03 (तीन) वर्ष तथा प्रतिरक्षा सेवा में बितायी गयी सेवा अवधि के योग के समतुल्य रियायत दी जायेगी बशर्ते की उनकी वास्तविक उम्र आवेदन देने की तिथि को 53 (तिरेपन) वर्ष से अधिक नही हो ।

**चयन की प्रक्रिया :-**

सुयोग्य उम्मीदवार का चयन आयोग द्वारा शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा । शैक्षणिक योग्यता पर 90 अंक एवं अंतर्वीक्षा पर 10 अंक निर्धारित है । शैक्षणिक योग्यता पर निर्धारित 90 अंक का देय मापदंड निम्नवत है:-

(क) मैट्रिक- 10 अंक (प्रथम श्रेणी-10 अंक, द्वितीय श्रेणी-06 अंक, तृतीय श्रेणी-04 अंक)

(ख) इंटर- 15 अंक (प्रथम श्रेणी-15 अंक, द्वितीय श्रेणी-12 अंक, तृतीय श्रेणी-10 अंक)

(ग) किसी भी संकाय से स्नातक के साथ ही पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक की डिग्री-20 अंक (प्रथम श्रेणी-20 अंक, द्वितीय श्रेणी-14 अंक, तृतीय श्रेणी-12 अंक)

(घ) पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर- 20 अंक (प्रथम श्रेणी-20 अंक, द्वितीय श्रेणी-18 अंक, तृतीय श्रेणी-16 अंक)

किसी सरकारी संस्थान में संविदा पर कार्य करने का पाँच वर्ष का अनुभव-अधिकतम 25 अंक (प्रत्येक वर्ष 5 अंक)

**न्यूनतम अर्हतांक:-** साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हतांक के लिए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना (सामान्य प्रशासन विभाग) का संकल्प ज्ञापांक-2374, दिनाक-16.07.2007 प्रभावी माना जाएगा, जो निम्नवत् है:-

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग- | 40 प्रतिशत |
| पिछड़ा वर्ग- | 36.5 प्रतिशत |
| अत्यन्त पिछड़ा वर्ग- | 34 प्रतिशत |
| अनुसूचित जाति/जन-जाति एवं महिला वर्ग- | 32 प्रतिशत |

**परीक्षा शुल्क:-**

(क) सामान्य /पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी-750 रूपये ।

(ख) अनसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (सिर्फ बिहार के स्थायी निवासी के लिए)-200 रूपये ।

(ग) बिहार राज्य के बाहर के सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु -750 रूपये ।

(घ) सभी श्रेणी के दिव्यांगों के लिए (अनु0 जाति/जनजाति के समान)-200 रूपये ।

परीक्षा शुल्क जमा करते समय परीक्षा शुल्क की राशि पर प्रक्रिया शुल्क (Processing Charge) एवं सेवा कर (Service Tax) अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होगा । यथा ऑनलाइन (Credit Card / Debit Card / Netbanking) माध्यम से रूपये 750 की परीक्षा शुल्क पर रूपये 25.88 अतिरिक्त प्रोसेसिंग चार्ज एवं सेवा कर सहित अभ्यर्थी द्वारा कुल 775.88 रूपये देय होगा । उसी प्रकार ऑनलाइन (Credit Card / Debit Card / Netbanking) माध्यम से रूपये 200 की परीक्षा शुल्क पर रूपये 06.90 अतिरिक्त प्रोसेसिंग चार्ज एवं सेवा कर सहित अभ्यर्थी द्वारा कुल 206.90 रूपये देय होगा । एस0 बी0 आई बैंक चालान के माध्यम से रूपये 750 की परीक्षा शुल्क पर रूपये 50 अतिरिक्त प्रोसेसिंग चार्ज एवं सेवा कर सहित अभ्यर्थी द्वारा कुल 800.00 रूपये देय होगा । बैंक चालान के माध्यम से रूपये 200 की परीक्षा शुल्क पर रूपये 50 अतिरिक्त प्रोसेसिंग चार्ज एवं सेवा कर सहित अभ्यर्थी द्वारा कुल 250.00 रूपये देय होगा ।

अभ्यर्थी ऑनलाईन (Online) रजिस्ट्रेध्दान करने के पश्चात् परीक्षा शुल्क ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे (Online Payment Gateway) के माध्यम से दिनांक- 27.09.2016 से 28.10.2016 तक अथवा SBI के चालान के माध्यम से दिनांक- 29.09.2016 से 26.10.2016 तक की निर्धारित अवधि में समर्पित करेंगे । अन्य किसी माध्यम से भेजा गया शुल्क मान्य नही होगा। अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क अदा करने से संबंधित प्रमाण पत्र(पावती रसीद) अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर समर्पित करेगे ।

परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किये जायेंगे, साथ ही साथ अहस्तांतरणीय होगें ।

**मेधा सूची:-** उपर्युक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर मेधा सूची तैयार की जायेगी ।

**अन्य:-**

(i) वैसे ही उम्मीदवार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिन्हें एतदर्थ आयोग द्वारा प्रवेश पत्र निर्गत किया जायेगा । प्रवेश-पत्र निर्गत होने मात्र से अर्हता की सम्पुष्टि नहीं मानी जायेगी । किसी उम्मीदवार के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्रता/ अपात्रता के बिन्दु पर आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

(ii) वैसे अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नही होंगे जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग/ किसी राज्य लोक सेवा आयोग/ अन्य चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिये जाने का आदेश पारित किया गया हो ।

(iii) किसी प्रकार की पैरवी करने या कराने अथवा गलत या अपूर्ण सूचना देने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा ।

... किया जाता है कि वे आवेदन पत्र की प्रविष्टियों को भरने से पूर्व पूर्णतः आश्वस्त हो लें कि उनके द्वारा भरी गई प्रविष्टियाँ पूर्णतः सही है । बाद में किसी भी परिस्थिति में इसमें सुधार/परिर्वतन नही किया जा सकेगा ।

**<u>अंतिम तिथि :-</u>**

ऑनलाईन आवेदन दिनांक- 27.09.2016 से 28.10.2016 की रात्रि 12 बजे (Server Time) तक आयोग के वेबसाईट ***http://bssc.bih.nic.in*** पर भरा जा सकता है । अन्य किसी भी माध्यम से भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे । ऑनलाईन आवेदन-पत्र की प्रति बिहार कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय में भेजन की कोई आवश्यकता नही है ।

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना ।